हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .4 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

12 पेंटिंग से लोगों ने उकेरे मन के भाव



12 बैरिकेड हटते ही किसान भी खोल देंगे हाइवे दिल्ली...



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पांच हजार का इनामी पकड़ा



**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने एक महिला की अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने मामले में वांछित आरोपी जुनैद निवासी इब्राहिमबास, नूह, मेवात को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पानीपत पुलिस ने पांच हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी पर थाना सनौली में जनवरी 2022 में थाना क्षेत्र निवासी एक महिला की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शराब ठेकेदार से रंगदारी मांगी

**पानीपत।** पानीपत के भोला चौक निवासी शराब ठेकेदार अयूब को सड़क पर रोककर धमकाया गया। बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने स्वयं को सोहना कालवा इंद्रजीत गैंगस्टर का आदमी बताया और ठेकेदार अयूब से हर माह 50 हजार रूपये मंथली की मांग की। वहीं, मंथली नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। इधर, ठेकेदार अयूब की शिकायत पर थाना तहसील कैंप ने दो अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्टेट टेनिस प्रतियोगिता 13 जुलाई से आरम्भ

**करनाल।** स्टेट टेनिस प्रतियोगिता 13 जुलाई 2024 से शुरु होने जा रही है यह जानकारी जिला टैनिस प्रतियोगगिता सचिव जे.सी. बब्बर ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि श्री संजय बठला 13 जुलाई 2024 दिन शनिवार का प्रातः करेगे। यह प्रतियोगिता करनाल में आयोजित की जायेगी। सचिव जे.सी. बब्बर ने बताया कि 10, 12, 14, 16, 18 पुरुष व महिला वर्ग में सभी वर्गो में यह प्रतियोगिता होगी व सभी खिलाडिय़ों को चेक द्वारा इनाम राशि दी जाएगी ।

# अंबाला में राजीव गांधी खेल स्टेडियम का होगा कायाकल्प, हॉकी के लिए लगेगा एस्ट्रोटर्फ

## मंत्री असीम गोयल ने उच्च अधिकारियों के साथ किया स्टेडियम का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम का वीरवार को परिवहन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने उच्च अधिकारियों के साथ दौरा किया। उन्हों ने स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप विकसित करने व स्टेडियम का कायाकल्प करने के निर्देश दिए। इस दौरान परिवहन मंत्री ने स्टेडियम में हॉकी मैदान, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन हॉल सहित निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का भी निरीक्षण किया।

- मंत्री ने स्टेडियम में निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का भी जायजा लिया

सबसे पहले मंत्री ने स्टेडियम में बने रनिंग ट्रैक व हॉकी के मैदान का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की एस्ट्रोटर्फ की मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही स्टेडियम की दशा को सुधारा जाए। इसके साथ ही मंत्री ने स्टेडियम में निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का भी जायजा लिया। इसे लेकर मंत्री असीम गोयल ने मौके पर मौजूद उच्च अधिकारियों से स्विमिंग पूल के निर्माण की विस्तृत जानकारी हासिल की। साथ ही निर्देश दिए कि स्विमिंग पूल का निर्माण भी अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप किया जाए। खिलाडिय़ों को दी जाने वाली सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि यहां से विश्वस्तरीय तैराक तैयार हो सकें। इस दौरान मंत्री ने स्टेडियम में बैडमिंटन हॉल के भी कायाकल्प के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैडमिंटन हॉल का भी विस्तार करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तर्ज पर कायाकल्प किया जाए। इसके लिए विशेष रूप से एक्सपर्ट आर्किटेक्ट व कंसलटेंट से विचार विमर्श करके एक नक्शा तैयार करवाया जाए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के कायाकल्प के लिए अधिकारी 25 जुलाई तक इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) व अन्य कागजी कार्रवाई पूर्ण कर दें ताकि स्टेडियम में कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।



खेल स्टेडियम के कायाकल्प को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ियों को बड़ी सौगात देने का प्रयास किया जाएगा

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोयल ने बताया कि स्टेडियम की व्यवस्था व खिलाडिय़ों को मिलने वाली सुविधाओं का लेकर उच्च अधिकारियों के साथ स्टेडियम का दौरा करके जायजा लिया गया है। इसमें निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का स्कोप बढ़ाने का और बैडमिंटन हॉल को बड़ा करके अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने सहित स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ व पूरे स्टेडियम का कायाकल्प करवाने को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह व खेल मंत्री संजय सिंह से चर्चा करके जल्द ही खिलाड़ियों को बड़ी सौगात देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्टेडियम के कायाकल्प के लिए विशेष रूप से खेल स्टेडियम के निर्माण करने वाले बुद्धिजीवी आर्किटेक्ट से भी विचार विमर्श करके ही रिपोर्ट तैयार की जाए। इस दौरान खेल विभाग के निदेशक यशिंदर सिंह,उप निदेशक राजिंदर पाल गुप्ता, जिला खेल अधिकारी प्रवीण कुमार, रितेश गोयल सहित विभिन्न खेलों से जुड़े प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# 1125 नशीली गोलियों सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1125 नशीली गोलियां जब्त की हैं। अब उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। दरअसल हरियाणा एनसीबी यूनिट कुरुक्षेत्र को सूचना मिली थी कि जिले में नशीली दवाओं की एक खेप पहुंच रही है। ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार कौशिक व कुरुक्षेत्र यूनिट के प्रभारी उप निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि खुफिया ड्यूटी के दौरान गांव धनौरा के पावस उन्हें सूचना मिली कि गांव बिंजलपुर का शेखर नशीली गोलियां बेचने का काम करता है। वह गांव से बाहर आकर चलते-फिरते युवकों को नशीली गोलियां बेचता है। तभी पुलिस ने नाकाबंदी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ही पुलिस ने बिंजलपुर के बस अड्डा के पास से शेखर को काबू कर लिया। मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 75 पत्ते एप्कोलम नशीली गोलियां जब्त की। प्रत्येक पत्ते में 15 गोलियां थी जो कुल 1125 नशीली गोलियां बरामद हुई। नशीली गोलियों में अल्प्राजोलम साल्ट लिखा है। इसको लेकर मुलाना थाने में आरोपी शेखर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

- हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने की कार्रवाई

दोनों पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अब आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान नशीली गोलियों के मुख्य सप्लायर को भी काबू किया जाएगा।



नशीली गोलियों के साथ पकड़ा गया आरोपी शेखर।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मामले में आरोपी शुभम उर्फ साहिल पुत्र हरदीप, दीपक पुत्र कुलदीप व नितेश उर्फ नितिन पुत्र सूरज पाल वासीयान प्रेम नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 जुलाई को कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में जय प्रकाश वासी आजाद नगर ने बताया कि 4 जुलाई की रात को 11-30 बजे उसके मोबाइल पर व्हट्सएप कॉल आई जिसको उसने रिसीव नहीं किया। उसके बाद करीब 12-18 पर उसके मोबाइल पर वाइस मैसेज आया जिसमे पैसे देने तथा जान से मारने की धमकी दी। सुबह उन्होंने देखा कि गेट की लाइट टूटी हुई थी, कार की डिग्गी पर गोली लगी थी तथा घर के फर्श पर गोलियों के खोल पड़े हुए थे। उन्होने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

- घटना से पूर्व मोबाइल पर वाइस मैसेज आया था



कुरुक्षेत्र। पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा में फिर खिलेगा कमल, स्पष्ट बहुमत से बनेगी नायब सरकार: बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने करनाल में कहा कि हरियाणा में फिर से कमल खिलेगा और स्पष्ट बहुमत के साथ नायब सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े 9 साल में भाजपा सरकार ने साफ-सुथरा शासन और प्रशासन दिया है और प्रदेश की जनता नायब सरकार से खुश है। बड़ौली ने दुष्यंत चौटाला पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता ने जजपा नेता दुष्यंत चौटाला की पोल लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से खोल दी। गुरुवार को चंडीगढ़ से अंबाला, कुरूक्षेत्र, नीलोखेड़ी होते हुए करनाल पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा एवं अन्य वरष्ठि कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को लेकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने काम करेंगे।

- जनता ने जजपा नेता दुष्यंत चौटाला की पोल लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से खोल दी




करनाल। भाजपा हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए। फोटो। हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने बताया कि मौके पर फणीन्द्रनाथ शर्मा, सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता, योगेंद्र राणा, विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा,ओएसडी संजय बठला, भारत भूषण जुआल, सुनील गोयल आदि थे। , जयभगवान सीकरी सहित अन्य कई वरष्ठि नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रक ट्राला की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंबाला-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर गांव करेहड़ा के नजदीक ट्रक ट्राला की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रक ट्राला छोड़कर फरार हो गया। यूपी के सहारनपुर निवासी इजवान ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा अफनान (20) मेहनत मजदूरी करके वह बाइक पर यमुनानगर से घर लौट रहा था। इस दौरान उसे रास्ते में करेहड़ा के नजदीक ट्रक ट्राला ने टक्कर मार दी। राहगिरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसका बेटा मृत पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

- आरोपी ट्रक ट्राला चालक हादसे के बाद मौके से हुआ फरार

### घर में घुसकर युवक पर तलवार से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की जोगिंद्र नगर कॉलोनी में एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक घर में घुसकर युवक पर तलवार से हमला कर दिया। जोगिंद्र नगर कॉलोनी निवासी अंजलि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला लल्लन सिंह नशा करने का आदि है। वह बुधवार को उनके घर में घुस गया और उसकी मां के साथ गाला गलौच करने लगा। शोर सुनकर जब उसका भाई सूरज वहां आया तो उसने आरोपी लल्लन को गाली गलौच करने से रोका। इस दौरान आरोपी ने अपने साथियों गंजा व नोनी को वहां बुला लिया। आरोपियों ने उसके भाई पर तलवार से हमला कर दिया।

# ड्यूटी पर नहीं मिले 19 बिजली अधिकारी व कर्मी

**पानीपत।** उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम की सिटी डिवीजन के तहत आने वाली सब अर्बन सब डिवीजन के एसडीओ नरेंद्र जागलान ने वीरवार को सब अर्बन सब डिवीजन का सुबह औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 19 अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। एसडीओ नरेंद्र ने ड्यूटी से नदारद कर्मचारियों से संपर्क किया, कुछ ने कहा कि वे रास्ते में हैं। जबकि कुछ ने कोई जवाब ही नहीं दिया। तय समय से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जब कर्मचारी नहीं पहुंचे तो एसडीओ ने इसकी रिपोर्ट एक्सईएन सिटी डिवीजन आदित्य कुंडू को सौंप दी। कुंडू ने ड्यूटी पर नहीं आए कर्मचारियों की रजिस्टर में गैर हाजिरी भर दी। वहीं, एक्सईएन आदित्य कुंडू ने बताया कि उन्हें लगातार जनता की ओर से शिकायतें मिल रही थी। जिसमें बताया जा रहा था कि जनता सुबह 9 बजे से पहले ही गोहाना रोड स्थित सब अर्बन, सब डिवीजन कार्यालय पहुंच जाती है। जबकि अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां नहीं पहुंचते।

- एक्सईएन ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

### नकाबपोश ने दुकान से चुराए 87 सौ रुपये

**यमुनानगर।** शहर के महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित टूल सेफ्टी की दुकान में घुसकर नकाबपोश युवक ने गल्ले से 87 सौ रुपये चोरी कर लिए। चोरी करता हुआ आरोपी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

ग्रीन पार्क निवासी हरिंद्र कुमार ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक के पास उसकी टूल सेफ्टी के नाम से दुकान है। दोपहर को वह दुकान के शीशे वाले दरवाजे का लॉक लगाकर घर आया था। खाना खाने के बाद जब वह वापस दुकान पर गया तो लॉक टूटा हुआ था। दुकान के गल्ले से 87 सौ रुपये गायब थे।

# छीनाझपटी के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के जिला एवं सेशन न्यायाधीश आराधना साहनी की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी विनोद कुमार उर्फ गोरखा पुत्र सुलेख चन्द वासी डेरा लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को 10 वर्ष कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मेनपाल सिंह ने बताया कि 15 जून 2023 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में लाडवा वासी महिला ने बताया कि वह आगनबाड़ी में गांव पोटली जिला यमुनानगर में कार्य करती है। 15 जून की शाम करीब 3 बजे वह अपने घर आ रही थी। जब वह नगर पालिका लाडवा ऑफिस के पास पहुंची तो उसी समय एक नौजवान लड़का उसके कानों से सोने की बालियां पर झपट्टा मारकर छीनकर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच प्रदीप कुमार को दी गई। जांच के दौरान आरोपी विनोद कुमार उर्फ गोरखा को मामले में गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

## खेतीबाड़ी

### प्राकृतिक खेती से ही बचेंगे जल, जंगल, जमीन और जीव : आचार्य देवव्रत

# प्राकृतिक खेती के गुर सीखने गुरुकुल पहुंचे कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुजरात के राज्यपाल और देश-विदेश में प्राकृतिक खेती मुहिम के प्रबल प्रचारक आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की जरूरत है क्योंकि प्राकृतिक खेती करके ही जल, जंगल, जमीन और जीव को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लगातार रासायनिक खेती करने से देश के कई प्रदेशों में जहां भूमिगत जलस्तर लगातार घटता जा रहा है वहीं जमीन भी बंजर हो रही है। राज्यपाल गुरुकुल कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहलवान पदम्श्री योगेश्वर दत्त के नेतृत्व में गुरुकुल में पधारे 70 महानुभावों के एक डेलीगेशन को सम्बोधित कर रहे थे। जिसमें 23 नामचीन खिलाड़ियों के अलावा विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि और किसान बंधु शामिल रहे। खिलाड़ियों में ओलम्पिक मेडलिस्ट, द्रोणाचार्य अवार्डी, ध्यानचंद अवार्डी, अर्जुन अवार्डी, भारत केसरी, हिन्द केसरी, एशियन और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भी शामिल रहे। गुरुकुल पहुंचने पर राज्यपाल के ओएसडी डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार व प्रधान राजकुमार गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विख्यात समाजसेवी डॉ. सम्पूर्ण सिंह, निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, विख्यात कृषि वैज्ञानिक पदम्श्री डॉ. हरिओम, प्राचार्य सूबे प्रताप, रामनिवास आर्य भी मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को स्मृति चिह्न भेंट करते अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### जैविक खेती रासायनिक खेती से भी नुकसानदायक

आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती में एक देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से 30 एकड़ भूमि पर खेती की जाती है और किसान को किसी भी प्रकार का कोई पेस्टीसाइड, यूरिया, डीएपी आदि खेत में डालने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई लोगों को भ्रम है कि प्राकृतिक खेती और जैविक खेती एक ही है मगर ये दोनों एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है।

### गुरुकुल में 10 वर्षों से विशुद्ध प्राकृतिक खेती की जा रही

गुरुकुल के फार्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर पिछले 10 वर्षों से विशुद्ध प्राकृतिक खेती की जा रही है, एक बूंद भी यूरिया या किसी प्रकार का पेस्टीसाइड खेतों में नहीं डाला गया। देशी गाय के गोबर से बने जीवामृत और घनजीवामृत के प्रयोग से ही फसलों का उत्पादन रासायनिक और जैविक खेती करने वाले किसानों की तुलना में डेढ़ गुणा से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में उनके नेतृत्व में 3 लाख से अधिक किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया।इसी प्रकार गुजरात में 10 लाख किसान प्राकृतिक खेती कर बिना खाद, केमिकल के अच्छा उत्पादन ले रहे हैं।

# मांगों का समाधान न होने से कर्मियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 हाई पावर कमेटी की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रीराम भवन जगाधरी में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने की। मंच का संचालन जिला सचिव सुखदेव सिंह ने किया।

- ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मेलन का आयोजन

प्रधान नरेंद्र धीमान ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों को जानबूझकर लगातार लंबित किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों की जायज मांगों का कोई समाधान न होने पर कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए संगठन द्वारा 29 जून को अग्रवाल धर्मशाला अर्बन स्टेट जींद में प्रांतीय कन्वेंशन में लिए गए निर्णय अनुसार पूरे प्रदेश भर में निर्धारित तिथियों अनुसार जिला कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन करके कर्मचारियों को मांगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्टा, प्रांतीय मुख्य प्रेस प्रवक्ता रामकुमार प्रजापत, प्रांतीय उप महासचिव सुरेंद्र कुमार, प्रांतीय उप प्रधान साहब सिंह, प्रांतीय प्रधान संजय शर्मा, पवन शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सियाराम आदि मौजूद थे।




यमुनानगर। श्रीराम भवन जगाधरी में आयोजित बैठक में कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन के प्रधान। फोटो : हरिभूमि

### 25 को सौंपेंगे ज्ञापन

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया जाता तो 25 जुलाई को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री व लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ.बनवारी लाल के आवास बावल का घेराव कर कर्मचारियों की जायज मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे दो लाख रुपये

**यमुनानगर।** जगाधरी की उषा कॉलोनी निवासी अक्षय तनेजा को विदेश भेजने के नाम पर दो लाख रुपये ठग लिए गए। उषा कालोनी निवासी बरखा राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका परिचित अक्षय तनेजा विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि उनकी कॉलोनी का ही भूपेंद्र सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इसलिए वह तथा अक्षय तनेजा भूपेंद्र सिंह से मिले। आरोपी ने उन्हें बताया कि वह अक्षय को रोमानिया में सैटल करा देगा। इसके लिए आरोपी ने उनको पांच लाख रुपये का खर्च बताया। आरोपी ने दो लाख रुपये और दस्तावेज उसने पहले ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उन्हें विदेश नहीं भेजा।

### पहलवान दारा सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**रादौर।** जाटसभा रादौर की ओर से रूस्तमे हिंद व फिल्म अभिनेता पहलवान दारा सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने रूस्तमे हिंद दारा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि रूस्तमे हिंद पहलवान दारा सिंह ने कुश्ती के क्षेत्र में देश का नाम दुनियाभर में चमकाया था। उनके द्वारा कुश्ती के क्षेत्र में दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

### कंपनी के टीम लीडर पर हेराफेरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर में स्थित इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के टीम लीडर नितिन रोहिला पर कंपनी के छह लाख 47 हजार रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगा है। शहर के गोबिंदपुरी स्थित इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर अजबीर ने बताया कि उनके साथ नितिन रोहिला बतौर टीम लीडर कार्य करता है। वह कंपनी का कैश संभालना है। आरोप है कि उसने 23 अप्रैल से कंपनी का कैश जमा नहीं कराया। जब उससे इस बारे में बात की तो पता लगा कि आरोपी ने छह लाख 47 हजार का कैश अपने निजी कार्य में खर्च कर लिया।

---

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में आए 18 परिवाद

# प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी करें कार्य : गोयल

**13 परिवादों का मौके पर किया निपटान, इंतकाल के नाम पर पैसे मांगने वाले पटवारी को सस्पेंड करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय में वीरवार को कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान परिवहन मंत्री असीम गोयल ने 18 परिवादों की सुनवाई की। जिनमें से 13 परिवादों का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि पांच परिवाद पैंडिंग रखे गए। बैठक में मुसिंबल गांव की महिला ने शिकायत रखी थी कि वह अपनी जमीन का इंतकाल करवाना चाहती थी। जिसके लिए छछरौली के पटवारी ने उसके गरीब पिता से रिश्वत के रूप में इंतकाल के नाम पर करीब 2000 रुपये भी ले लिए। लेकिन इंतकाल करने में काफी चक्कर कटवाए। महिला की बात सुनकर परिवहन मंत्री असीम गोयल ने तुरंत उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को दोषी पटवारी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित तहसीलदार की जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। बैठक में सुंदर नगर वासी जितेंद्र कुमार की शिकायत थी कि उनकी दुकान का बिजली का बिल काफी ज्यादा आ रहा है जिसके कारण उनका बिजली का कनेक्शन कट गया है। कनेक्शन लेने गए तो देने से जवाब दे दिया। इस पर बिजली अधिकारी ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि सुरेन्द्र कुमार के नाम कनेक्शन था, बिजली का बिल न भरने के कारण उसे काट दिया गया था। अब विभाग द्वारा उनका बिल कम करके 52000 रह गया है जिसकी तीन किस्त बनाई गई है। इससे परिवादी संतुष्ट नजर आया। इस्माइलपुर रादौर वासी शेर सिंह ने परिवाद रखा कि उनके खेतों के सामने पानी की निकासी के लिए पुलिया बनाई गई थी जिससे बरसाती पानी आसानी से निकल जाता था परंतु वहां पर एक व्यक्ति ने फैक्टरी बना दी है और बाउंड्री बना दी है जिसके कारण पुलिया की निकासी बंद हो गई है। पानी की निकासी न होने कारण उनके खेतों में पानी खड़ा हो जाता है जिसके कारण फसल बर्बाद हो जाएगी। मंत्री ने संज्ञान लिया और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह दो महीनों में इस पुलिया का कोई समाधान ढूंढे। मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी आयुष सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान परिवाद सुनते परिवहन मंत्री व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### फैक्ट्री मालिक को नोटिस दिया गया

बाडी माजरा के राजबीर सिंह ने परिवाद रखा कि उनके बेटे पिंटू की एक आंख खराब है जब वह मेडिकल बनवाने जाते हैं तो 30 प्रतिशत बनाया जाता है। सीएमओ डॉ.मनजीत सिंह ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिंटू की एक आंख बिल्कुल ठीक है और दूसरी आंख भी केवल 30 प्रतिशत ही खराब है तो इनका ज्यादा मेडिकल नहीं बन सकता। मंत्री ने उपायुक्त व सीएमओ को कहा कि यह गरीब व्यक्ति है, इससे व्यक्तिगत मिलकर इसकी सहायता की जाए। गांव इशोपुर निवासी जनार्दन ने शिकायत की कि उनके खेतों के आस.पास फैक्टरी लगी है जिससे भारी मात्रा में कचरा निकलता है जिससे जीना बेहाल हो गया है, इसे बंद करवाया जाए। प्रदूषण अधिकारी ने जांच रिपोर्ट में बताया कि फैक्ट्री मालिक को नोटिस दिया गया है जल्द ही इसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह अन्य परिवादों को भी सुनकर मंत्री ने उनके समाधान करने के निर्देश दिए।

---



यमुनानगर। 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यूनिट का निरीक्षण करने के दौरान एनसीसी अधिकारियों से बातचीत करते हुए ग्रुप कमांडर शांडिल्य।

## उत्कृष्टता के लिए कौशल को विकसित करें कैडेटेस

- एनसीसी के ग्रुप कमांडर अंबाला ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने वीरवार को 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सूबेदार मेजर शाहनाज हुसैन व नारायण दास मौजूद रहे। एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने ग्रुप कमांडर ब्रिगेड़ियर विकास राय शांडिल्य का यूनिट में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने ग्रुप कमांडर को यूनिय द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। मौके पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने एनसीसी अधिकारियों और कैडेटों से मिलकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने मौके पर युवाओं के चरित्र को आकार देने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में एनसीसी प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्रुप कमांडर शांडिल्य ने मौके पर कैडेटों के साथ बातचीत की और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपने कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। ब्रिगेडियर शांडिल्य ने बटालियन के प्रयासों की सराहना की और अधिकारियों और कैडेटों की उनके समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर सुबेदार रूप सिंह, बीएचएम कुलजीत सिंह, सीएचएम अरुण, सीएचएम अमरीक सिंह, सीएचएम बलवीर सिंह व हवलदार सतविंद्र सिंह मौजूद रहे।

---

## पड़ोसी युवक ने सात वर्षीय बच्ची से की अश्लील हरकतें

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में पड़ोसी युवक ने घर पर खेलने आई सात वर्षीय बच्ची को छत पर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। बच्ची की मां को जब इस बारे पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करती है। उसके पास सात वर्षीय लड़की व एक लड़का है। उसके काम पर जाने के बाद दोनों घर पर अकेले रहते हैं। आठ जुलाई को वह काम पर गई थी। जब वह काम से वापस आई तो उसकी लड़की ने उसे बताया कि वह रात को पड़ोसी तुषार के घर पर खेलने के लिए गई थी। इस दौरान आरोपी तुषार उसे खेलने के बहाने से छत पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके कपड़े उतार कर उसके साथ अश्लील हरकतें की। उसने जब आरोपी से इस बारे बात की तो उसने उसे जाति सूचक शब्द भी कहे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

## भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश में दिया सुशासन: चौहान

- भारतीय जनता पार्टी ने पुराना हमीदा में सभा का किया आयोजन
- सभा में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन
- भाजपा बैकवर्ड मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने ग्रामीणों को पार्टी का पटका पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के पुराना हमीदा में वीरवार को सभा का आयोजन किया। सभा में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के बैकवर्ड मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने भाग लिया। मौके पर मुस्लिम समाज के सैंकड़ो लोगों ने भाजपा में आस्था व्यक्त की। मुख्यातिथि ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी मुस्लिम समाज के लोगों को भाजपा का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने सेवाए सुशासन व गरीब कल्याण के लिए अनेकों कार्य किए हैं। इससे केवल देश की तस्वीर ही नहीं बल्कि तकदीर बदल गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर सिर्फ लोगों को गुमराह करने वाली पार्टी है। लेकिन भाजपा जो भी वादे करती है उसे पूरा करके दिखाती है। चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व धर्म की पार्टी है। जो लोग कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर बांटने का काम करती है उन्हें वह बताना चाहते हैं कि पिछली सरकारों ने भेदभाव की राजनीति की है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने आज तक सबका साथ सबका विकास किया है। पुराना हमीदा से मोबीन अहमद, इसरार अली, कुर्बान, राजवीर सिंह ,मेहताब, मोहम्मद अली, अकबर समेत सैंकड़ो मुस्लिम समाज के लोग भाजपा में शामिल हुए।



यमुनानगर। पुराना हमीदा में आयोजित सभा में भाजपा में शामिल लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान।

### लोगों को घर बैठे ही मूलभूत सुविधाएं मिल रही

मदन चौहान ने उन्हें पटका पहनकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया और कहा कि पार्टी में उनका पूरा मान सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर प्रदेश में तेजी से व्यवस्था में बदलाव हुआ है। भाजपा सरकार की सर्वांगीण विकास की सोच का परिणाम है कि आज लोगों का जीवन सरल हुआ है और घर बैठे ही मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश हित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों से देश और प्रदेश की दशा दिशा बदली है। इन फैसलों से जन आकांक्षाओं की पूर्ति हुई साथ विश्व पटल पर देश की छवि मजबूत हुई है। चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प, उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर देकर धूंआ से मुक्ति दिलाना, शौचालयों का निर्माण करवाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाना और हर घर में नल से जल पहुंचाने जैसे निर्णयों से लोगों का जीवन सरल हुआ है। सरकार द्वारा पारदर्शी तरीके से कराए जा रहे कार्योंं की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। 55 सालों तक कांग्रेस ने गरीब का कोई भला नहीं किया। उलटा गरीबों से दूर भागती रही।

---




यमुनानगर। राजकीय स्कूल चमरोड़ी में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बाधा : रोहिला

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों ने अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बढ़ती हुई जनसंख्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पवन रोहिला ने बताया कि किस तरह से बढ़ती हुई जनसंख्या हर भारत के विकास में बाधा पहुंचा रही है। सरकार के द्वारा प्रयास करने पर भी जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं पाया जा रहा है। ऐसे में हम सभी का यह कर्तव्य है कि हमें सरकार का इस कार्य में सहयोग करना चाहिए। मौके पर विपिन, दिनेश, राजीव, रामपाल, जसविंदर, राजेश, संत कुमार, निर्मल, मुन्ना, सतीश, मीनू, रेखा व मीना आदि मौजूद थे।

---

## जनसंख्या बढ़ने से समाज और पर्यावरण पर पड़ता है दुष्प्रभाव

- जिला नागरिक अस्पताल में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम
- कार्यक्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने की। मौके पर मुख्यातिथि ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि अधिक जनसंख्या बढ़ने से समाज व पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। अधिक जनसंख्या के कारण शहरों की आबादी बढ़ती जा रही है तथा जंगल कम होते जा रहे हैं। जिसके कारण प्रदूषण व विभिन्न बिमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण से कई समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसलिए समय अनुसार पतियों को नलबन्दी व नसबन्दी अवश्य करानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होने सभी जिलावासियों से एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत अपने आस-पास पौधा रोपण करने का आग्रह किया। मौके पर उन्होने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सिविल अस्पताल यमुनानगर के परिसर में पौधारोपण किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण व पौधा रोपण द्वारा पर्यावरण की सूरक्षा की जा सकती है। वहीं, जिला सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि नलबन्दी व नसबन्दी परिवार नियोजन कार्यक्रम का अभिन्न अंग हैं तथा स्थाई उपाय है। इसके तहत महिला व पुरूष परिवार नियोजन कर सकते हैं। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने भी अपने विचार रखे।



यमुनानगर। जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का पौधारोपण करके शुभारंभ करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

---

## साइबर ठगों की धोखाधड़ी से रहें सावधान: कैप्टन

- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने साइबर क्राइम से बचने के लिए आमजन को किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा साइबर ठगों से आमजन को बचाने के लिए उन्हें जागरुक किया जा रहा है इसी कड़ी में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को जिलेवासियों को सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधान रहने के लिए आहवान किया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रज के चलते अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के लालच व झांसे में आकर स्वयं का नुकसान कर बैठते हैं। ऐसे में आमजन पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगाते समय कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें।



यमुनानगर। आमजन को साइबर ठगी से सावधान करने के लिए आहवान करते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

---

**लाल डोरे के भू मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित**

## लोगों का जीवन सरल करने का कार्य कर रही सरकार: घनश्याम

- जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में लाल डोरे के 51 भू मालिकों को संपति प्रमाण पत्र व 10 दुकानदारों को रजिस्ट्री पत्र किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में वीरवार को शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्रों के लिए रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में यमुनानगर विधायक घनश्याम दास ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं विधायक घनश्याम दास ने कार्यक्रम में लाल डोरे के 51 भू मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र अर्थात संपत्ति प्रमाण पत्र दिए। इनमें दस लाभार्थी रादौर व दस साढ़ौरा नगर पालिका के शामिल हुए। मौके पर उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव, कार्यालय अधीक्षक एवं क्षेत्रीय कराधान अधिकारी प्रदीप कुमार, जितेंद्र मल्होत्रा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील बसताड़ा आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में दुकानदारों को रजिस्ट्री पत्र सौंपते हुए विधायक।

### सैकड़ों दुकानदारों को मालिकाना हक मिल चुका

इसके अलावा 20 साल व इससे अधिक वर्षोंं से शहरी क्षेत्र में किराए पर दुकान लेकर व्यवसाय कर रहे 10 पात्र दुकानदारों को उनका दुकान पर मालिकाना हक दिलाने के लिए रजिस्ट्री एवं मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश वितरित किया गया। विधायक घनश्याम दास ने कहा कि जब से केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार बनी है। तब से जनता की सुविधा व जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार का प्रयास किया जा रहा है। सरकार लोगों के जीवन को सरल बनाने का कार्य कर रही है। दुकान अपनी हो चाहे वह छोटी की क्यों न हो। इसको लेकर 2019 में सरकार ने किराएदार दुकानदारों को उनका मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत 20 साल से किराए पर दुकान लेकर रह रहे दुकानदारों को उनका मालिकाना हक दिलाने को लेकर कार्रवाई शुरू की गई। अब तक नगर निगम क्षेत्र के सैकड़ों दुकानदारों को उनका मालिकाना हक मिल चुका है। जो दुकान उनके पास 20 साल से किराए पर थी। वह अब उनकी अपनी बन चुकी है। अब वह इस दुकान को बेच भी सकते हैं और इस दुकान पर लोन भी ले सकते हैं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

---

## धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा होता है मजबूतः वर्मा

- रादौर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भंडारे का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वीरवार को बाबा धुनीगिरी जी महाराज की 57वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भंडारे से पूर्व सुंदरकांड का पाठ कर सभी के लिए सुख शांति की कामना की गई। स्थानीय लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के मंगल जीवन, अच्छे व्यापार व अच्छे व्यवसांय की कामना की। मंदिर के महंत पंडित कमलेश अवस्थी व सुनील वर्मा की देखरेख में स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना की। मौके पर महिला श्रद्वालुओं द्वारा कीर्तन कर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। भगत सुनील वर्मा ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से समाज का आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि बाबा धुनीगिरी जी महाराज का निधन 11 जुलाई 1967 को 57 वर्ष पहले हुआ था। कच्चा घाट मंदिर के महंत बाबा धुनीगिरी जी महाराज बहुत बड़े संत थे। जिनका क्षेत्र के लोग बहुत मान सम्मान करते थे। कच्चा घाट मंदिर रादौर क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। जहां आजादी से पहले लोग भारी संख्या में दूर दूर से पूजा अर्चना करने आते थे।



यमुनानगर। रादौर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण सेवा समिति ने 51 पौधे किए रोपित

**थानेसर।** गांव दुनिया माजरा में पर्यावरण सेवा समिति द्वारा गुरुद्वारा नानकसर साहिब के प्रांगण में सहजन, गुलमोहर व अमलतास के 51 पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण सेवा समिति अध्यक्ष जगजीत सिंह ने कहा कि यदि पेड़-पौधे न हों तो जीवन में सांसों का संकट खड़ा हो जाएगा। वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है। आज जिस तेजी के साथ पेड़ों का कटान किया जा रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पेड़ों का कटान न कर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। हरियाली तभी बढ़ेगी, जब नागरिक आगे आएंगे।

### पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट

**पिहोवा।** उपमंडल के गांव बाखली में पुरानी रंजिश के चलते 3 लोगो को बुरी तरह से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में सदर पुलिस ने गांव के ही व्यक्ति व उसके 2 पुत्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में घायल गुरमीत ने बताया कि उसका पड़ोसी ओम प्रकाश के साथ पंचायती चुनावों में कहासुनी हुई थी। गत दिवस वह व उसकी पत्नी घर की छत पर बैठे हुए थे। तभी ओम प्रकाश अपने मोबाइल से हमारी वीडियो बनाने लगा। जब उसने रोकना चाहा तो वे उनसे गाली गलौच करने लगे। जैसे ही वह घर के बाहर आया तो ओम प्रकाश ने उस पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया।

### विकास कार्यों में पिछड़ा हलका पिहोवाः वीरभान

**पिहोवा।** प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण हल्का पिहोवा विकास कार्यों में पिछड़ चुका है और आमजन का भाजपा सरकार से मोह खत्म हो चुका है,जिसका खामियाजा इसे विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। ये शब्द कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने अपने निजी कार्यालय में बातचीत के दौरान कहे।

### जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह व उप सिविल सर्जन डा.अंजली वैध परिवार कल्याण द्वारा प्रचार वाहन को झंडी देकर रवाना किया। इस विश्व जनसंख्या दिवस पर सिविल सर्जन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

### मारकंडेश्वर मंदिर में निःशुल्क मेडिकल कैंप 14 को

**शाहबाद।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल की ओर से शाहाबाद के ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर में दूसरे निःशुल्क विशाल मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन 14 जुलाई रविवार को किया जाएगा। कैंप में सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रोगियों की जांच की जाएगी। यह जानकारी देते हुए आदेश के एमडी डा. गुणतास गिल ने बताया कि आदेश की ओर से हर महीने के दूसरे रविवार को ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाता रहेगा।

### कर्मचारियों की मांगों को लागू करे सरकार : अमरीक

कुरुक्षेत्र। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह ने बैठक में प्रदेश के कर्मचारी वर्ग की लंबित पड़ी मांगों को धरातल पर लागू करने की मांग की है। लाखों बेरोजगारों को पक्का रोजगार उपलब्ध करवाने जैसे निर्णय कैबिनेट में पारित करके शीघ्र अति शीघ्र अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची शिक्षा मंत्री

# शिक्षा प्रणाली बेहतर करने में भूमिका निभाए मैनेजमेंट कमेटीः सीमा त्रिखा

### नई व 10 साल पुरानी बिल्डिंगों पर सौलर सिस्टम लगाने का काम किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** शिक्षकों को सम्मानित करती शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा।

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि एसएमसी सदस्य हमारी मजबूत इकाई है और शिक्षा की गुणवता में सुधार करने के लिए वे बेहतर तरीके से विभाग का सहयोग कर रहे है। हरियाणा में शिक्षा विभाग की जितने भी नई बिल्डिंग बनेंगी या पिछले 10 वर्षों में बनी है, वहां पर सौलर सिस्टम लगाने का काम किया जाएगा ताकि स्कूलों पर पड़ने वाले बिजली का खर्चे को कम किया जा सके। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को शिक्षा विभाग द्वारा केशव सदन में आयोजित स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची थी और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने संबोधन में कही। इससे पहले उन्होंने स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर उनके साथ नगराधीश डा. रमन गुप्ता, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, नप की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आगामी 11 दिन चलेंगे यह कार्यक्रम

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि आगामी 11 दिनों तक प्रदेश भर के सभी जिलों में जिला स्तरीय स्कूल मैनेजमेंट कमेटियों के यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा में समझ के साथ पठन, लेखन, और मूलभूत गणितीय प्रश्नों को हल करने का कौशल भी सिखाया जाता है। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की बुनियादी समझ देना हमारा कर्तव्य है। हर बच्चे को स्कूल लाना है और ध्यान रखना कि कोई बच्चा घर नहीं बैठे। उन्होंने इस मौके पर एसएमसी सदस्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले जिले के 10वीं व 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों, स्टार मैंटर निपुण व स्टार टीचर निपुण को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षा मंत्री को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

### हरियाणा के स्कूलों में लगाए जाएंगे सौलर पेनल

सीमा त्रिखा ने कहा कि हरियाणा के स्कूलों में सौलर पेनल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में 14500 स्कूल है और सभी स्कूलों में उच्चस्तर की शिक्षा के साथ-साथ बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाने का काम किया गया है। उन्होंने इस मौके पर एसएमसी सदस्यों से सीधा संवाद भी किया और उन द्वारा जो सुझाव दिए गए, उनको भी समझा। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा मासिक बुकलेट भी प्रकाशित की जा रही है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगस्त माह में जो मासिक बुकलेट प्रकाशित होगी, उसमें कुरुक्षेत्र जिले के जिन विद्यार्थियों ने कॉमन टेस्ट परीक्षा में अच्छी उपलब्धि हासिल की है, उन विद्यार्थियों का नाम, स्कूल का नाम, प्राचार्य का नाम, जिले का नाम प्रकाशित करते हुए यह बुक यहां पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

# अनुबंधित शिक्षकों ने रोजगार सुरक्षा गांरटी की मांग की

### अपनी मांगों का सौपा ज्ञापन



कुरुक्षेत्र। अनुबंधित शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अनुबंधित शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सैकडरी स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान ज्ञापन सौंपा। अनुबंधित शिक्षकों ने अपने मांगों के ज्ञापन में कहा कि रोजगार सुरक्षा योजना में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को भी सम्मिलित किया जाए। अनुबंधित शिक्षकों ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 153 अनुबंधित शिक्षक पिछले दस सालों से अधिक कार्यरत हैं। दूसरे वही प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में 1443 अनुबंधित शिक्षक कार्य रहे हैं। सभी अनुबंधित शिक्षक एवं उनके परिवार रोजगार सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता में हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अनुबंधित शिक्षक पिछले दस वर्षो से निरतंर कार्यरत रहते हुए भी रोजगार सुरक्षा को लेकर निश्चित नहीं है जोकि एक गंभीर विषय है। अनुबंधित शिक्षकों ने माननीय शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा से विनम्रता भरा आग्रह के द्वारा उन्हें रोजगार सुरक्षा, स्कूल टीचर्स की तर्ज पर देने की मांग की है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. यशपाल, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. पर्यन्त, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, राकेश कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, डॉ. रविंद्र जागड़ा, डॉ. सुरेंद्र जागना, डॉ. सरिता मान, सोनिया सैनी, कीर्ति, प्रज्ञा, शिवानी, अभिषेक, कृष्णा पांडेय, नवीन बेदी, पंकज, रविंद्र चौधरी, एकता, वर्षा, सौम्या गोयल, अतुल शर्मा, जशनदीप मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आशा वर्करों ने किया आक्रोश प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन
- प्रदर्शनकारी स्कीम वर्कर सीट के नेतृत्व में ताज पार्क में एकत्रित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** रोष जताती आशा वर्कर।

आशा वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स ने गुरुवार को डीसी आफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारी स्कीम वर्कर सीट के नेतृत्व में ताज पार्क में एकत्रित हुए और वहां एक आक्रोश सभा का आयोजन किया। सभा को आशा वर्कर प्रधान पिंकी, जिला सचिव कुशमलता, मनजीत, उषा, मिड डे वर्कर जिला प्रधान सरोज, कोषाध्यक्ष लाल देवी, राजरानी, सुनीता, सत्या, आदि ने संबोधित किया। सभा के उपरांत ताज से पैदल मार्च करते हुए सरकार की वादाखिलाफी व मांगों की घोर उपेक्षा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीसी आफिस पर पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। सीटू की जिला प्रधान रानी देवी, जिला सचिव अनिल कुमार, सहसचिव रोशन लाल ने प्रदर्शन की समाप्ति पर ऐलान किया कि आक्रोशित स्कीम वर्कर 19 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री के आवास हिसार में 28 जुलाई को शिक्षा मंत्री के आवास फरीदाबाद में प्रदर्शन किया जाएगा। सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर, कर्मचारी और किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों को समझ करके मतदान दिया है।

### केयू सीडीओई देगा 19 ऑनलाइन सहित तकनीकी प्रोग्राम्स में शिक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) में जुलाई 2024 के लिए ऑनलाइन मोड और ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड के माध्यम विभिन्न कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि पीजी/यूजी ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) सहित 19 ऑनलाइन प्रोग्राम्स सहित तकनीकी प्रोग्राम्स में शिक्षा प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों 30 सितम्बर 2024 तक बिना विलम्ब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ओडीएल प्रोग्राम्स में बी.ए. (3 वर्षीय) सेमेस्टर प्रणाली, बी.कॉम. (3 वर्षीय) सेमेस्टर प्रणाली, एम.ए. (2 वर्षीय) हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, पंजाबी, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, लोक प्रशासन, इतिहास और अर्थशास्त्र, एम.ए. समाजशास्त्र/महिला अध्ययन- सेमेस्टर प्रणाली, एम.एससी. (2 वर्षीय) गणित और भूगोल एम.कॉम. (2 वर्षीय) प्रोग्राम्स शामिल हैं।

# धार्मिक स्थलों के कारण समाज में होते संस्कार जागृत : आचार्य देवव्रत

- समारोह में गुजरात के राज्यपाल मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे
- कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में नवनिर्मित यज्ञशाला के उद्घाटन समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्यातिथि पहुंचे। मुख्यातिथि के करकमलों से यज्ञशाला का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने की। सांसद एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नवीन जिंदल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में नवनिर्मित यज्ञशाला में आना मेरे लिए अत्यंत खुशी का विषय है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आचार्य देवव्रत ने कॉलेज से जुड़ी पुरानी यादें सांझा करते हुए कहा कि धनोरा के लोगों ने अपनी पंचायती भूमि देकर इन शिक्षण संस्थानों को खड़ा करने में अभूतपूर्व योगदान दिया है।



**लाडवा।** यज्ञ में आहुति डालते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान पवन गर्ग सहित मनदीप सिंह तूर, प्रवीण गुप्ता, विकास सिंघल प्रबंधक समिति कोषाध्यक्ष एवं प्रधान वृद्धाश्रम लाडवा, साधु सैनी, राजकुमार, रविन्द्र बंसल, जितेन्द्र सिंह गिल, हरिन्द्र सिंघल, रंजना गोयल, सुशील गर्ग, रोहित गर्ग प्रधान शिवाला रामकुंडी व पार्षद, राजकुमार गर्ग प्रधान गुरुकुल कुरुक्षेत्र, सुनील गर्ग, रोशन लाल, गुरनाम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।,

# जनता ही टिकट काटने और देने वाली : जय भगवान शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** जय भगवान शर्मा डीडी का स्वागत करते नगरवासी।

भारतीय जनता पार्टी नेता एवं पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर निशाना साध रहे हैं। थानेसर शहर मोहन नगर वार्ड नं 8 में डीडी शर्मा ने जन जागरण सभा को संबोधित किया। लोगों उन्हे पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया और फूल मालाओं से स्वागत किया। भारी जन समर्थन और जनता के उत्साह को देखते हुए डीडी शर्मा ने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन ही टिकट देने वाली है और जनता ही टिकट काटने वाली है। कुरुक्षेत्र की जनता ने कई बार मंत्री संतरी बदले, कई लोगों की टिकट काटी, कई लोगों की रांद काटी। यह धर्मभूमि है इस बार यहां जनभावना उनके साथ है और वे बदलाव का माध्यम बनने के लिए जनता के बीच में हैं। जन जागरण सभा को संबोधित करते हुए डीडी शर्मा ने यहां मिले भारी जन समर्थन पर समर्थकों और स्थानीय लोगों का आभार जताया। मोहन नगर में शिवम शर्मा पुत्र डॉ सुरेश शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद महेंद्र भारद्वाज और टोनी मदान ने जनता से डीडी शर्मा के लिए आशीर्वाद मांगा वहीं यहां कई अलग अलग राजनैतिक से जुड़े लोग भी डीडी शर्मा से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान डीडी शर्मा ने रविंद्र शर्मा टीटू और सुरेश शर्मा का आभार जताया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि अब तानाशाही, जातिवाद और परिवारवाद को जनता खत्म करेगी।

# शहरी स्वामित्व योजना के तहत पात्रों को मिला उनका हक : अभय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। लाभार्थी को रजिस्ट्री देते राज्यमंत्री अभय सिंह यादव।

सिंचाई एवं जल संसाधन राज्यमंत्री अभय सिंह यादव ने वीरवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में नगर परिषद द्वारा आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र व मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र लाभार्थियों को रजिस्ट्री वितरित की गई। यहां पहुंचने पर उपायुक्त शांतनु शर्मा व अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीएमसी डा. वैशाली शर्मा ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मानेसर से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों को यह सौगात मिलने पर बधाई देते हुए अपना शुभ संदेश भी दिया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में लगभग 55 लाभार्थियों को शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र व मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र लाभार्थियों को रजिस्ट्री वितरित की गई।

### भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत



**कुरुक्षेत्र।** मोहनलाल बड़ौली का स्वागत करते जिलाध्यक्ष रवि बतान।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के पैराकीट में भाजपा हरियाणा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वागत किया। इस मौके पर नव निर्वाचित प्रदेशध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की वे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश में संगठन को और मजबूती देने का काम करेंगे व कार्यकर्ताओं की आवाज को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का काम करेंगे। आगामी चुनावों के मद्दे नजर संगठन को प्रदेश में और मजबूती देने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि बतान ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का बुके देकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# जन-जन तक पहुंचाएं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां : कर्णदेव काम्बोज



**कुरुक्षेत्र।** बैठक को संबोधित करते ओ.बी.सी. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव काम्बोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा कुरुक्षेत्र की विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक वीरवार को जाट धर्मशाला के पास स्थित एक निजी होटल में हुई। बैठक में विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव काम्बोज ने शिरकत की तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह पाल ने कर्णदेव काम्बोज का स्वागत किया। विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक में ओ.बी.सी. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव काम्बोज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताअरं ने लोकसभा चुनाव में देश में तीसरी बार मोदी की सरकार बनाई। प्रदेश के चुनाव का भी बिगुल बज गया है और विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारी में जुट चुके हैं। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान, डीएनटी बोर्ड के चेयरमैन जयसिंह पाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश गौतम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश पाल, प्रदेश कार्यकारिणी मेंबर सुरेश अन्य मौजूद रहे।



**शाहबाद।** आग से बचाव के तरीके सीखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों को बताए आग से बचाव के तरीके

**शाहबाद।** सतलुज स्कूल में अग्निशामक विभाग के अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशामक विभाग के सदस्यों द्वारा सबसे पहले बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के तरीके भी बताए। इसके लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर चढ़ा कर आग बुझाकर दिखाया गया। अधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। लगने के बाद इस पर काबू कैसे पाया जाए वे सब तरीके बताए। बिजली के स्विच में आग लग जाये, अगर कोई आग में फस जाए उसे लेट कर बचाया जाये, हमेशा अइउ ड्राई और ऊउढ ड्राई सिलेंडर का इस्तेमाल करना चाहिये, खुले में अगर आग लग जाये तो कैसे उसे बुझाना चाहिए की जानकारी दी। इस अवसर राज सिंह, दीपक कुमार स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे ।

## कवलजीत सिंह अजराना का संगत ने जताया आभार

# मुर्तजापुर में गुरुद्वारा साहिब का निर्माण कार्य शुरू

- निर्माण कार्य शुरू होने पर अजराना अपने साथियों समेत मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** रियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना का स्वागत करती सिख संगत। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना द्वारा पैरवी किए जाने के बाद पिहोवा हल्का के गांव मुर्तजापुर की इंदिरा कालोनी में गुरुद्वारा साहिब का निर्माण फिर से शुरू हो गया है। गुरुद्वारा साहिब के भवन का निर्माण दोबारा से आरंभ होने पर वहां की सिख संगत ने हरियाणा कमेटी एवं स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना का आभार जताया है। निर्माण कार्य शुरू किए जाने की सूचना मिलने पर कवलजीत सिंह अजराना अपने साथियों समेत मौके पर पहुंचे और संगत से मुलाकात की। संगत ने इस मामले में जिला प्रशासन के समक्ष पैरवी करने एवं उनका साथ देने पर अजराना का आभार जताते हुए कहा कि सिख होने के नाते उन्होंने संगत के साथ कंधे से कंधा मिला कर इस मामले में लड़ाई लड़ी है। बातचीत करते हुए अजराना ने बताया कि कुछ शरारती लोगों द्वारा गांव मुर्तजापुर की इंदिरा कालोनी में गुरुद्वारा साहब का निर्माण कार्य रोक दिया था। अजराना ने बताया कि पिछली पंचायत ने गुरुद्वारा निर्माण के लिए भूमि दी थी। उस समय जमीन पर श्री निशान साहिब स्थापित किया गया था और चारदिवारी भी करवा दी गई थी। मगर अब कुछ शरारती लोगों ने गुरुद्वारा साहिब का निर्माण रोक दिया है। इस मामले को लेकर सिख संगत उनसे मिली थी, जिसके बाद उन्होंने प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध से बातचीत करने के बाद यह मामला जिलाधीश शांतनू शर्मा के समक्ष उठाया गया था। अब गुरुद्वारा साहिब का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। इस मामले में सहयोग करने वाली संगत का भी अजराना ने आभार जताया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, मान सिंह बाजवा, राजू संधू, हरनेक सिंह बाजवा, निशान सिंह, गुरमीत सिंह, अर्जुन सिंह, कश्मीर सिंह, अमरीक सिंह, हरमनजोत सिंह, गगनदीप सिंह, सुखदेव सिंह, अजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह व हरदेव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी रमन कुमार व नवनीत सिंह को गिरफ्तार किया है। मानव विहार के राघव ने 6 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रिवाज़ गारमेंट कोर्ट रोड के पास से किसी ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव को गिरफ्तार किया है। इंदिरा कॉलोनी के दीपक कुमार ने 29 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर से किसी ने एलसीडी, इनवर्टर, बैटरी, पानी की मोटर, गैस सिलेंडर व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दिपांशु को शामिल जांच किया है। कंचघर के सोनू ने 16 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नया पुल के नीचे से किसी ने उसकी कार चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुर्घटना में हुई मौत के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। 12 क्रॉस रोड के रहने वाले आशीष ने 8 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रेलवे स्टेशन के पास आरोपी वाहन चालक ने उसकी माता को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी माता की मौत हो गई थी।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी लल्लू कुमार उर्फ ललन को गिरफ्तार किया हे। न्यू लक्ष्मीनगर के देव कुमार ने 9 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी लल्लू कुमार उर्फ ललन ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बातों में उलझा सोने की अंगूठी ठगी, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों रोड पर बाइक सवार चार युवकों ने स्कूटी सवार व्यक्ति को बातों में उलझा कर सोने की अंगूठी ठग ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कातिलाना हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एएसआई रामफल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सीवन निवासी विकास कुमार उर्फ चिंगारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि नंदू की शिकायत अनुसार 8 मई की रात उसके भाई गोविंद पर आरोपी संगीत व चिंगारी समेत कई युवक चाकुओं व लाठी डंडों से वार कर रहे थे।

## शंभू बॉर्डर: हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में आए किसान

# बैरिकेड हटते ही किसान भी खोल देंगे हाइवे

# दिल्ली-अमृतसर हाइवे पर बहाल होगा ट्रैफिक

**दिल्ली कूच के लिए 16 को बुलाई मीटिंग, सहमति के बाद लिया जाएगा फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। शंभू बॉर्डर पर डटे सुरक्षाबलों के जवान।

- हाईकोर्ट ने कहा कि किसानों की मांगें केंद्र सरकार से है

शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश आने के बाद अब हाइवे पर पांच महीने से डेरा डाले बैठे किसान भी हरकत में दिख रहे हैं। इसको लेकर किसानों ने 16 को अहम मीटिंग बुलाई है।

इस मीटिंग में ही दिल्ली कूच की योजना पर सहमति बनने की बात कही जा रही है। उधर आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि अगर हरियाणा सरकार बैरिकेड हटाती है तो उनकी ओर से भी हाईवे को बंद नहीं किया जाएगा। दिल्ली जाने को लेकर फैसले के लिए 16 को होने वाली मीटिंग में लिया जाएगा।

बता दें कि बुधवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर पर की गई बैरिकेडिंग हटाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि किसानों की

- 16 मीटिंग में ही दिल्ली कूच की योजना पर सहमति बनने की बात कही जा रही है

मांगें केंद्र सरकार से है। शंभू बॉर्डर पर स्थिति शांतिपूर्ण है। उन्हें दिल्ली जाने की छूट देनी चाहिए।

हालांकि हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि शंभू बॉर्डर खोलने से अगर कोई स्थिति बिगड़ती है तो कानून व्यवस्था कायम करने के लिए हरियाणा सरकार कार्रवाई को लेकर स्वतंत्र है।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि हम लोकतंत्र देश में रह रहे हैं। किसानों को हरियाणा में घुसने से नहीं रोक सकते। उल्लेखनीय है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी से किसान आंदोलन चल रहा है। किसान मांगों को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर दिल्ली कूच के लिए निकले थे लेकिन उन्हें शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने रोक लिया।

यहां पुलिस और किसानों के बीच टकराव भी हुआ था। किसानों के आगे बढ़ने पर उन पर पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले दागे गए थे। किसानों के साथ कई पुलिस कर्मचारी भी घायल हुए थे।


जबकि खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण की मौत हो गई थी।

**108 करोड़ से अधिक का नुकसान**

शंभू बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन के कारण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को 108 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। 13 फरवरी को शंभू टोल प्लाजा को बंद किया गया था। तब से अभी तक हाईवे शुरू नहीं हो सका है।

**भारी संख्या में जमा हैं किसान**

शंभू बॉर्डर पर अभी भी भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ डेरा जमाए हैं। आने वाली 16 जुलाई को किसानों की संख्या दोगुनी होने की बात कही जा रही है। किसान नेताओं का कहना है कि जो किसान परिवारों से मिलने गए हैं उन्हें तुरंत वापिस लौटने के आदेश दिए गए हैं। चूंकि दिल्ली कूच का फैसला सभी किसानों की सहमति से लिया जाएगा। किसान नेता खुद के फैसले अन्य किसानों पर नहीं थोपने वाले। इसी वजह से तमाम किसानों की सहमति के बाद ही दिल्ली कूच की रणनीति बनेगी। राज्य सरकार की ओर से शंभू बॉर्डर से बैरिकेड हटाए जाने के बाद किसान भी हाइवे को खोलने की बात कह रहे हैं। इसके लिए पक्के शैड़ों को हटाया जाएगा। साथ ही बीच हाइवे पर खड़े वाहनों को भी साइड में किया जाएगा। हाइवे पर वाहनों की आवाजाही नहीं रोकी जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि हाइवे हरियाणा सरकार ने बंद किया है उन्होंने नहीं। वे तो आंदोलन को लेकर शुरू से ही कानून की पालना कर रहे हैं।



अंबाला। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का अभिनंदन करते परिवहन मंत्री व अन्य कार्यकर्ता।

# पूर्ण बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आएगी भाजपा

- भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का अंबाला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों से किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली का परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल व जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। साथ ही उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई दी। पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा करके ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। पहली बार अंबाला पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने स्वागत के लिए भाजपा के संगठन और परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल का धन्यवाद किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसे वो पूरी निष्ठा से निभाएंगे और तीसरी बार जनता जनार्दन के समर्थन से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता जनार्दन कर लिए काम कर रही है और तीसरी बार भी प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कमल खिलेगा। शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक आदेश पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बताया की जो कोर्ट ने आदेश दिए है सरकार उसकी पालना करेगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, भाजपा नेता चंद्रमोहन फौजी, गुरप्रीत शाना,मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सैनी, सोमनाथ कश्यप, मंडल महामंत्री स्वर्ण सैनी, जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल, हरिंद्र ज्योति, बीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश धीमान, पूर्व मेयर रमेश मल, अतुल बिडलान, निगम सदस्स हितेश जैन, महामंत्री संजीव गोयल टोनी भी मौजूद रहे।

# गीता भारती ने संभाला कार्यभार

- सरकार की योजनाओं के विस्तार पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंडल कमिश्नर को पुष्प गुच्छ देते हुए डीसी डॉ. शालीन।

अंबाला के नवनियुक्त मंडल कमिश्नर गीता भारती ने वीरवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। यहां पहुंचने पर डीसी डॉ. शालीन, एसडीएम छावनी सतिंद्र सिवाच ने सर्किट हाउस पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

मौके पर मंडल कमिश्नर गीता भारती ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकासात्मक परियोजनाओं की गति को और तेज किया जाएगा ताकि लोगों की मूलभूत जरूरतों से जुड़ी विकासात्मक परियोजनाएं समय पर पूरी हो। लोगों को उनका लाभ मिले। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

विशेषतौर से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर चलाए जा रहे समाधान शिविर में अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का निवारण किया जाए। बता दें कि गीता भारती इससे पूर्व हिसार में मंडल आयुक्त थी। वह सरकार में कई विभागों के उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वर्तमान में मंडल आयुक्त अंबाला का पदभार ग्रहण किया है।

# हाईकोर्ट के फैसले पर तुरंत कार्रवाई करे सरकार

- शंभू बॉर्डर से बैरिकेडिंग हटाने की मांग
- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष बोले सरकार के जनविरोधी फैसले से जनता को हुई भारी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों से मुलाकात करते हुए एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने राज्य सरकार से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सरकार द्वारा लगाए गए शंभू बॉर्डर के बैरिकेट्स को हटाने की बात कही ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा की पहले ही लगभग पांच महीने से ये रास्ता बंद है। अब बरसात के कारण जो कच्चे रास्ते थे वो भी बंद हो गए हैं इसलिए सरकार उच्च न्यायालय की तय समय सीमा से पहले ही यह बैरिकेट्स को हटाए ताकि लोग बिना किसी अवरोध के आ जा सकें।

जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह रास्ता केवल आशंका के आधार पर बंद किया गया था ताकि कानून व्यवस्था खराब न हो। जबकि पिछली बार भी किसानों ने शांतिपूर्वक लंबा आदोलन किया था। भाजपा सरकार के इस बिना सोचे समझे फैसले से न सिर्फ लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है बल्कि पूरी न होने वाली आर्थिक क्षति भी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा था की रास्ता किसानों ने बंद किया है लेकिन अब यह सपष्ट हो गया है कि शंभू बॉर्डर पर राज्य सरकार द्वारा बैरिकेटिंगकर हाइवे को बंद किया गया है। इसकी वजह से अंबाला व उसके आसपास के उद्योगपतियों, व्यापारियों, दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

सभी तरह के कारोबार पूरी तरह से ठप हो गए हैं। शंभू टोल से रोजाना हजारों लोग प्राइवेट व पब्लिक ट्रासपोर्ट से आते जाते व काफी संख्या से लोग अपनी नौकरी पेशे के लिए भी इस रास्ते से आना जाना करते थे। उनके जीवन पर इस रोक से काफी बुरा प्रभाव पड़ा है। यहां तक कि आसपास के होटल, ढ़ाबे, पेट्रोप पंप बंद होने की कगार पर हैं लेकिन सरकार की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया। अब हाईकोर्ट के फैसले पर राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके।

# खुद को पुलिस कर्मी बताकर जबरन घर में घुसे थे एक दर्जन लोग, डीएसपी की जांच के बाद केस दर्ज

- समाधान शिविर में परिवादी की ओर से दायर की गई थी शिकायत, थाने के कर्मचारियों पर भी प्रताड़ति करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

खुद को पुलिस कर्मचारी बता कर जबरन घर में घुसने के के आरोप में पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नारायणगढ़ के रहने वाले राकेश शर्मा ने इसको लेकर समाधान शिविर में अपनी शिकायत दी है। उसने बताया कि 6-7 लोग खुद को कोर्ट व पुलिस कर्मचारी बताते हुए जबरन उसके घर में घुस जाते हैं। उसके बेटे को गिरफ्तार करने की बात कहते हैं। वारंट मांगने पर गाली-गलौज व धक्का मुक्की करते हैं। डीएसपी की जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शर्मा ने समाधान शिविर में सौंपी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी कुसुम अस्थमा की मरीज है। टांग के दिक्कत के कारण सही से चल नहीं सकती। 20 जून की दोपहर के समय घर में अकेली व दवाई लेकर आराम कर रही थी। इसी बीच, 6-7 लोगों ने दरवाजा खटखटाया। उसकी पत्नी दरवाजा खोल नहीं सकी। आरोपियों ने जोर-जोर से दरवाजा खटखटाया तो कुंडी खुल गई। आरोपी उसकी पत्नी के कमरे में दाखिल हो गए और धमकाने लगे। उसी वक्त वह भी घर आ गया। जब उसने पूछा तो खुद को कोर्ट के कर्मचारी बताया। इनमें से सादे कपड़ों में एक व्यक्ति ने खुद को पुलिस स्टाफ बताया। जब उसने जबरन घर में घुसने का कारण पूछा तो बोले कि हमारे पास अंकित का गिरफ्तारी वारंट है।

**पुलिस कर्मचारी बाइक पर वर्दी में आए**

शिकायतकर्ता ने बताया कि जो खुद को पुलिस स्टाफ बता रहा था, उसने कहीं कॉल करके थाने से 2 पुलिस कर्मचारी और बुलाए। पुलिस कर्मचारी बाइक पर वर्दी में आए। उसने दोनों पुलिस कर्मचारियों को अपने घर में बैठाया। वह व्यक्ति भी पुलिस वालों के साथ दोबारा घर में आकर बैठा। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह खुद हार्ट व ब्लड प्रेशर का मरीज है। उसी दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। इस दौरान पुलिस कर्मचारी थाने में आने की बात कहकर निकल जाते हैं। उसने बताया कि वह कुछ समय बाद पुलिस थाने गया। यहां छोटा मुंशी मिला। उसने फिर अगले दिन 10 बजे बुलाया। वह अगले दिन पुलिस थाने गया। यहां फिर गोवर्धन नाम के कर्मचारी ने उसे दोबारा फिर अगले दिन 10 बजे आने को कहा। जब उसने कारण पूछा तो कोई स्पष्ट नहीं बताया। उसे कहा कि आप थाने आ जाना, आपको बता देंगे। फिर एक आशु नाम के पुलिस कर्मचारी का नंबर दिया। उससे बात करने पर उसने पूछा कि जो बिना वर्दी के मेरे घर आए थे वे कौन थे ? इस पर आशु ने उसे कहा कि हम तो मुंशी के आदेशों पर आए थे।

### फर्जीवाड़े को अंजाम दे मर्चेंट नाविक की हैल्थ पॉलिसी के पौने तीन लाख हड़पे

**जींद।** फर्जीवाड़े को अंजाम देकर हैल्थ इंश्योरेस पॉलिसी की लगभग पौने तीन लाख रुपये की राशि हडपने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने केयर हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी तथा मुंबई के अस्पताल संचालक चिकित्सक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अकालगढ़ निवासी नंद किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मर्चेंट नेवी में पीटी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। छह दिसंबर 2021 को उसने केयर हैल्थ कंपनी से हैल्थ पॉलिसी खरीदी थी। जिसकी वैधता दिसंबर 2023 तक थी।



अंबाला। वर्कशॉप में पेंटिंग करती बीके बहनें व अन्य।

# पेंटिंग से लोगों ने उकेरे मन के भाव

**अंबाला।** अंबाला शहर के ब्रहमकुमारी राजयोग केंद्र में वीरवार को कोकियो कैमलिन की ओर से एक पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें आश्रम में आने वाली कन्याओं, माताओं एवं यहां रहने वाली टीचर बहनों ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप मे आर्टिस्ट शिवानी राजपाल और चंडीगढ़ से शिफाली और कैमलिन के साथ प्रशांत सोबती ने भी हिस्सा लिया। साथ कुछ पेंटिंग को लेकर टिप्स भी दिए। राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी शिवानी ने पेंटिंग के महत्व को भी बताया। उन्होंने कहा एक कलाकार अपने दिल का भाव शब्दों से नहीं बल्कि अपने चित्रों से समझाता है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य को जो हम बोलते है वो समझ नहीं आता बल्कि हम अपने चरित्र को दर्शाते हुए क्या करते है वो समझ आता है। जिस प्रकार एक चित्रकार अपनी पेंटिंग को ईमानदारी से बनाता है एवं उसमें अपने मन का भाव व्यक्त करता है ठीक इसी प्रकार मानव को आवश्यकता है वो चाहे जिस भी फील्ड में कार्य कर रहा हो उसको ईमानदारी से करे।

### 22 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ अब 350 से ज्यादा टीवी चैनल देखने को मिलेंगे

**अंबाला।** वाईफाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है । ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। एयरटेल के सीईआ गोपाल बिट्ठल ने कहा कि पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं। अब आपके वाई-फाई प्लान में ही टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। एयरटेल वाई-फाई के साथ 22 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म और 350 से ज्यादा टीवी चैनल मिलेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## कांग्रेसी नेताओं ने बाल्मीकि बस्ती में राज्य सरकार पर नुक्कड़ सभा के दौरान बोला हमला

# जनता हित नहीं बल्कि पूंजीपतियों के हितों की रखवाली करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नुक्कड़ सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेसी नेता।

पूर्व विधायक जसबीर मलौर और डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने जन जागरण अभियान के तहत वाल्मीकि बस्ती में नुक्कड़ सभा की। यहां पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने कार्यकर्ताओं को सबोंधित करते हुए भाजपा सरकार की कुनीतियों से जनता में बढ़ रहे रोष पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाज में ऐसा कोई भी वर्ग नहीं है जिसको सरकार ने परेशान न किया हो । ये सरकार आम जनता के हित की नहीं बल्कि पूंजीपतियों के हित की रखवाली करती है । सरकार का एकमात्र लक्ष्य आम जनता की खून पसीने की कमाई को लूटकर पूजीपतियों की जेब भरना है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में प्रदेश हर क्षेत्र में नंबर 1 हुआ करता था , लेकिन अब प्रदेश महगांई, बेरोजगारी और अपराध में नबंर 1 है । मलौर ने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है । पहले करनाल मे पुलिसकर्मी की हत्या हुई, रोहतक में फाइनेंसर की हत्या की गई, हिसार में सरेआम गोली चलाकर मर्डर हुआ । प्रदेश के लोगों में भय का माहौल है ,लेकिन सरकार कुंभकर्ण की नींद सो रही है । डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि प्रदेश में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही घोषणा पत्र जारी करेगी जिसमें प्रदेश के सभी वर्गों के हितों को ध्यान मे रखकर नीति बनाई जाएगी । उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही बुढ़ापा पेंशन को 6000 रूपए किया जाएगा , गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लाट और दो कमरे का मकान बनाकर दिया जाएगा , खाली पड़े 2 लाख के करीब पद भरे जाएंगें , सरकारी बसों में महिलाओं का किराया फ्री किया जाएगा, क्रीमी लेयर को बढ़ाकर 10 लाख किया जाएगा , पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा । डिप्टी मेयर ने कार्यकर्त्ताओ को विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। कहा कि हर बूथ पर जनता को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाए। पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जबरदस्त माहौल है और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है ।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर निगम सदस्य राकेश सिंगला, जसबीर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि ईशू गोयल , युवा नेता सोनू राणा ,वरिष्ठ नेता अशोक सोनी , खुशबीर वालिया , बलजिदंर बलाना , लाभ ठरवा ,पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्णलाल काला , टिंका कांवला, जसबीर हुमांयूपुर, निंदर पंजौला भी मौजूद रहे ।